दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, सोमवार 12 अगस्त 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### बेवजह युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** बेवजह युवक को गाली गलौज कर हाथ मुक्का व डंडे से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गंगोत्री मोटर कंपनी कन्हेरा रोड उरला निवासी खीरोद मांझी 35 वर्ष पिता वीरू मांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पठारीडीह रोड सुभाष चौक के पास राजकुमार उर्फ छोटा एवं राजू ने बेवजह प्रार्थी को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट युवक ने थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### करंट से किशोरी की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** मां के साथ मजदूरी करने पहुंची किशोरी की मौत 11केवी लाइन की चपेट में आने से हो गई। छत पर किसी काम से गई थी, इस दौरान करंट की चपेट में आ गई और छत से नीचे जा गिरी। करंट की वजह से भी बुरी तरह झुलस गई। उपचार के लिए अस्पताल भेजा जाताए इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। करतला थानांतर्गत ग्राम सुईआरा गांव में रहने वाली तरना चौहान पिता राधेलाल चौहान 14 अपनी मां के साथ बेड़मार में रोजी मजदूरी करने आई हुई थी। बेड़मार में बाबूलाल राठिया के निर्माणाधीन मकान में दोनों काम कर रहे थे। शनिवार की दोपहर 12 बजे खाना खाकर तरना छत में टहलने गई। इस दौरान मकान के छत के ऊपर से गुजरी 11केवी लाइन की चपेट में आकर बुरी झुलस गई। इस हादसे में छत से नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में बिजली गुल हो गई। उसकी चीख सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। करतला पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

### ट्रक-बाइक में भिड़ंत, युवक की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** खल्लारी थानांतर्गत बीकेबाहरा में अज्ञात ट्रक और बाइक में भिड़ंत से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक और एक युवती बाइक क्रमांक सीजी 04 एमबी 9883 पर सवार होकर बागबाहरा की ओर जा रहे थे। सुबह सवा 9 बजे बीकेबाहरा डामर प्लांट के करीब एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी। इससे बाइक पर सवार युवक-युवती दूर जा गिरे। युवक को दुर्घटना में गंभीर चोटें आई वहीं युवती को भी चोटें आई है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने 112 को सूचना दी। इस बीच युवक की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल युवती को बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच युवक की तलाशी ली। इससे युवक की शिनाख्ती ओडिशा के किशोर कुमार के रूप में हुई, वहीं युवती के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

### किसान पुत्रों को हुआ 1100 करोड़ का कर्जा माफ

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत नगरनार, माड़पाल और बम्हनी के 1100 किसानों के 15 करोड़ रूपए का ऋण माफ किया गया। विधायक रेखचंद जैन के द्वारा इन्हें ऋणमाफी पत्र वितरण किया गया। इसमें 774 किसानों के पूर्व के उधार 557 लाख रूपए माफ हुए। यहां कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल किसान पुत्र हैं और किसानों व आदिवासियों के हित के लिए अनेकों योजनाएं लागू किये हैं जिसमें किसानों को तत्काल लाभ मिला। किसानों का कर्जा माफी, धान का बोनस, समर्थन मूल्य में धान खरीदी के साथ-साथ किसानों का बीमा पंचायत स्तर पर किया जा रहा है।

### बाढ़ से नष्ट हुयी करोड़ों की फसल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** इंद्रावती नदी में करीब दो सप्ताह में तीन बार बाढ़ आ चुकी है और इंद्रावती के तटीय इलाकों की खेतों की धान की फसल बाढ़ के पानी में डूब गयी थी। हाल ही में दो दिन पूर्व आयी बाढ़ व खातीगुड़ा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण तीन दिनों से अधिक समय से फसल पानी में डूबा हुआ है। इससे बाढ़ के पानी में डूबी फसल पूरी तरह से बर्बाद होने की संभावना है, क्योंकि वर्तमान में बाढ़ का पानी कम होने के कारण जो खेतों से पानी उतर गया है वहां भी फसल को नुकसान हुआ है। वर्तमान में भी कई एकड़ धान की फसल बाढ़ के पानी में डूबी हुई है। ऐसे में किसानों को फसल नुकसान की चिंता सता रही है। सूत्रों के मुताबिक करीब दो हजार एकड़ खेत बाढ़ के पानी में डूब गयी थी।

# गांव की दशा-दिशा बदलने राज्य सरकार कर रही प्रयास : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**» सीएम ने अपनी पहली रेडियोवार्ता लोकवाणी से जनता को दिया संदेश**

**रायपुर (आरएनएस)।** गांव की दशा और दिशा बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं कार्यों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपनी पहली रेडियोवार्ता लोकवाणी के माध्यम से प्रदेश की जनता को संदेश दिया।

मुख्यमंत्री बघेल ने ग्रामीण जनजीवन को खुशहाल और संपन्न बनाने के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के संबंध में विस्तार से बात की। कृषि और ग्रामीण विकास विषय पर पहली कड़ी में पूछे गए सवालों के जवाब भी दिया। आम जनता ने मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों 2500 रूपए में धान खरीदी, तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 4 हजार रूपए मानक बोरा करने, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली, तीजा, माता कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश के लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं भी दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने खेती को राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार बताते हुए कहा कि किसानों की उनकी उपज का अच्छा दाम मिलता है तब वह पैसा गांव से लेकर शहर तक बाजारों में आता है। खेती चलती है तो कारखाने के पहिए भी चलते हैं। इसलिए हमने किसानों और उनके माध्यम से गांवों में समृद्धि लाने की रणनीति बनाई है। उन्होंने महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी के संबंध में भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से प्रदेश के 1000 नरवा को पुर्नजीवित करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा वर्षा के जल को सहेजने छोटे-बड़े वॉटर स्ट्रक्चर बनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में हजारों नाले हैं और नदियों का पूरा जाल है।



# छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाएगा : मुख्यमंत्री


**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की व्यवस्था बहुत जल्द की जाएगी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समारोह में यह घोषणा की। समारोह का आयोजन आज राजधानी रायपुर के नया बस स्टैंड स्थित मिनीमाता उद्यान में किया गया। मुख्यमंत्री ने मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

बघेल ने इस अवसर पर सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली और तपोभूमि गिरौदपुरी धाम को उसकी गरिमा के अनुसार विकसित करने के लिए हर संभव सहयोग की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने मिनीमाता की स्मृति में छत्तीसगढ़ में 11 कन्या आश्रम प्रारंभ करने की मांग को राज्य सरकार के आगामी बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मिनीमाता गृह निर्माण सहकारी समिति को नया रायपुर में जमीन आवंटित करने की मांग पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

स्व. मिनीमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज के कमजोर वर्गों के सामाजिक उत्थान के लिए जो कार्य प्रारंभ किए, उन्हें कानूनी जामा पहनाने का काम सांसद के रूप में स्वर्गीय मिनीमाता ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ मिलकर संसद में किया।

# आरक्षक ने स्वयं को गोली मारकर की आत्महत्या



**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बीती रात एक आरक्षक राजु कुरूम ने अपनी सर्विस रायफल से स्वयं को गोली मार कर आत्म हत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के गीदम थाने के अंतर्गत आने वाले कारली इलाके में तैनात नौवीं बटालियन का आरक्षक राजू कुरूम मूलतः छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले का निवासी है। मृत आरक्षक का आज शव परीक्षण कर उसके गृहग्राम भिजवा दिया गया। आरक्षक ने आत्महत्या क्यों की इस बात की गीदम थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 पर ऑटो चालकों के चलते दिन भर लग रहा जाम

**» ड्यूटी पर तैनात सिपाही मुकदर्शक बने रहते हैं**

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 पर आटो चालकों के द्वारा रास्ता घेरकर सवारी बैठाने के चलते आए दिन तेलघानी नाका की ओर से फाफाडीह चौक की ओर जाने वाले लोगों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 पर आटो चालकों के चलते जाम की स्थिति दिन पर निर्मित होती रहती है। यातायात सुचारू ढंग से निर्मित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 पर पुलिस बुथ बनाकर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई जाती है। हैरानी की बात है कि ट्रैफिक पुलिस के चौक पर तैनाती के बावजूद भी ऑटो चालक सवारी भरने के लिए गेट नंबर 1 के सामने पूरा रास्ता घेरकर खड़े रहते हैं लेकिन ट्रैफिक पुलिस वहीं मुकदर्शक बनी चुपचाप खड़ी रहती है। इनके मनमानी के चलते दिन भर वाहन चालकों को जाम की स्थिति से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने मांग की है कि आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस रेलवे स्टेशन के सामने खड़ी करने वाले ऑटो चालकों पर कड़ी कार्रवाई करे ताकि लोग अपने वाहनों से आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सके व जाम की वजह से परेशानी का सामना न करना पड़े।



# जल प्रपातों का सौंदर्य देखने पहुंच रहे सैकड़ों पर्यटक

**जगदलपुर (आरएनएस)।** वर्षा काल में पानी को ऊपर से नीचे गिरते हुए देखना अद्भुत रोमांच प्रदान करता है और जब पानी की विशाल मात्रा हो तो इसका दर्शन कई गुणा मनमोहक हो जाता है। बस्तर में पिछले कई दिनों से हो रही वर्षा और ओड़िशा में भी हो रही तेज वर्षा से नदी क्षेत्रों में पानी की विशाल मात्रा प्रवाहित हो रही है। अब वर्षा के दौर के थमते ही बस्तर के चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपातों में आने वाले सैलानियों की सैकड़ों भीड़ उमड़ रही है। इसके साथ ही कई ऐसे जलप्रपात भी लोगों को देखने मिल रहे हैं जो कि वर्षा काल में ही दिखाई पड़ते हैं। अभी लोगों को शासकीय अवकाशों का भी सिलसिला प्राप्त हो रहा है और इसका लाभ उठाने यहां पर लोग दूर-दूर से आ रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि एक साथ चार दिनों का अवकाश वर्षा काल में प्राप्त होना सुनहरा अवसर होता है और अपनी छुट्टी का सदुपयोग करते हुए लोग सपरिवार बस्तर भ्रमण करने आ रहे हैं। इस संबंध में बस्तर से बाहर रहने वाले लोग मोबाइल से बस्तर में हुई वर्षा और मार्गों की स्थिति की जानकारी ले आने की योजना बना आ रहे हैं।

अभी दो दिन पूर्व ही मौसम खुलते ही चित्रकोट और तीरथगढ़ में सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई। यहां पर आने वाले सैलानी 90 से 110 फीट की ऊंचाई से गिर रहे चित्रकोट और तीरथगढ़ की विशाल जल राशि को देखकर अचंभित और रोमांचित हो रहे हैं। इस संबंध में यह भी प्रमुख तथ्य है कि बस्तर के हर अंचल में हरियाली की चादर देखने और वहां पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए भी सैकड़ों की संख्या में प्रतिवर्ष लोग पहुंचते हैं।

# 12 लाख की अवैध लकड़ी समेत 14 वाहन जब्त

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर अंचल में बड़े पैमाने पर जंगलों में अवैध कटाई हो रही है। वन मंडल के जगदलपुर एवं माचकोट परिक्षेत्र के साथ कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में भी साल, सागौन और बीजा लकड़ी के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल रही है। सीमावर्ती राज्य ओड़िशा के तस्करों की गिद्ध नजर कांगेर वैली पर है।

विभागीय जानकारी के अनुसार डेढ़ वर्ष में 12 लाख रूपए से अधिक की इमारती लकड़ी सहित पोकलेन मशीन तथा 14 वाहन जप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर जिले के दरभा विकासखंड अंतर्गत 3 ग्राम पंचायत कोलेंग, छिंदगुर एव काकलूर जिनमें कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बाधक रही है, जिसे देखते हुए ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही सड़क बिजली की मांग को पूरा करने के लिए वन विभाग के आलाधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का ताक में रखकर पक्की डामरीकृत सड़क निर्माण की अनुमति दे दी। जिससे दुष्परिणाम धीरे-धीरे देखने को मिल रहा है। वहीं इस जंगल मे सीमावर्ती राज्य ओड़िशा के तस्कर भी पहुंच कर सागौन-बीजा की लकड़ी बडे पैमाने पर सीमा पार ले जा रहे हैं। इसके लिए कोलेंग परिक्षेत्र के रेंजर के नेतृत्व में वन विभाग के कर्मचारी क्षेत्र के गांव-गांव में दबिश दे रहे हैं। इसमें डेढ़ वर्ष में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में तस्करी करने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

कोलेंग परिक्षेत्र में डेढ़ वर्ष में साल एवं सागौन के 7.914 घन मीटर लकड़ी, 600 किलो जलाऊ लकड़ी है, तस्करी में उपयुक्त ट्रक 3, पिकअप 4, बोलेरो एक और 6 मोटर साइकिल सहित एक पोकलेन मशीन अवैध लकड़ी के साथ जब्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध तस्करी के दौरान पकड़े गये लकड़ी की लागत लगभग 12 लाख रूपए से अधिक की है।

# चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ा रैलपात से भरी ट्रेलर

**भिलाई (आरएनएस)।** भलाई स्टील प्लांट से चोरी का 15 टन अतिरिक्त रेलपांत लोड कर बाहर निकल रहे यश रोडलाइंस के ट्रेलर को औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ लिया। ट्रेलर के चालक के पास 31 टन पटरी (ट्रेलर के वजन 18 टन के साथ कुल 49 टन) का गेटपास व बिल था, जबकि रेलपांत ट्रेलर का कुल वजन 64 टन था। जवानों ने कार्रवाई कर मामला भट्ठी थाने को सौंप दिया। पुलिस ने धारा 102 के तहत मामले की जांच कर रही है।

सीआइएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि 7 अगस्त को बल की स्क्वॉड टीम खुर्सीपार गेट की तरफ चेकिंग कर रही थी। टीम को रेलपांत से लोडेड ट्रेलर सीजी 07 सीए 7207 प्लांट के अंदर खड़ा मिला। संदिग्ध लगने पर ट्रेलर चालक को नापतौल काटा पर वजन कराने के लिए कहा। चालक ने चाबी लगाई, लेकिन ट्रेलर चालू नहीं हुआ। सीआइएसएफ की टीम ने ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया। कांटा पर ले जाकर वजन कराया तो ट्रेलर का वजन 64 टन मिला। इस तरह लगभग 15 टन रेलपांत अतिरिक्त लोड था। इसकी कीमत करीब 4 लाख रुपए बताई गई है। रेलपांत की जब्ती बनाकर भट्ठी थाना पुलिस को सौंप दिया।

### करंट लगने से वृद्ध की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** बसना के ग्राम कोटगढ़ के बंधानखार में करंट की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम कोटगढ़ के जोइधा नायक पिता गुलाब (65) 8 अगस्त की शाम पांच बजे खेत में बोर के मोटर को देखने गया था। वायर उठाते समय बिजली करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई।

# शिल्पा शेट्टी 13 साल बाद एक्शन फिल्म से करेंगी कमबैक

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा 13 साल बाद शब्बीर खान की एक्शन फिल्म 'निकम्मा' से कमबैक करने जा रही हैं।

शिल्पा ने कहा, ''काफी अच्छा महसूस हो रहा है। मैं इस चुनौती को लेने के लिए फिर से तैयार हूं और बड़े पर्दे पर वापसी का इंतजार कर रही हूं। यह एक बेहद ही अनोखा और रिफ्रेशिंग प्रोजेक्ट है और शब्बीर संग काम करने का मुझे इंतजार है। मुझे मेरा किरदार बहुत पसंद आया और यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने पहले कभी नहीं किया है...मैं अपने दर्शकों द्वारा मुझे एक नए अवतार में देखे जाने का प्रतीक्षा नहीं कर सकती।''



शिल्पा को आखिरी बार बड़े पर्दे पर साल 2007 में आई फिल्म 'लाइफ इन ए...मेट्रो' और 'अपने' में देखा गया था।

शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर इस परियोजना को लेकर अपने उत्साह को साझा करते हुए लिखा, ''13 साल लंबी मेरे विश्राम लेने की अवधि समाप्त हो गई है। इसका ऐलान करते हुए मैं काफी उत्साहित हूं कि आप मुझे अगली फिल्म 'निकम्मा' में देख पाएंगे...आप सभी के आशीर्वाद की जरूरत है।''

'निकम्मा' में अभिमन्यु दस्सानी और सोश मीडिया स्टार शर्ली सेतिया भी हैं। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन्स और शब्बीर खान फिल्म्स मिलकर इसे बना रही है। यह फिल्म 2020 के गर्मियों में रिलीज होगी।

# नीतू चंद्रा ने म्यूजिक वीडियो में भरा जोश

अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने गायिका पायल देव की म्यूजिक वीडियो इश्का में अपने डांस से जोश भर दिया है। अभिनेत्री के अनुसार यह डांस नंबर हर पीढ़ी को झूमने पर मजबूर कर देगा। अपने इस एकल गाने को लेकर पायल ने बताया, इस शानदार डांस ट्रैक के वीडियो में नीतू चंद्रा हैं, जिन्होंने इसमें और भी जोश भर दिया है। उम्मीद है कि इश्का संगीत प्रेमियों को पसंद आएगा।



वहीं इश्का को लेकर नीतू का कहना है, हर गाने की अपनी कहानी और अपनी धुन होती है। इश्का में आप मुझे अलग अवतार में देखेंगे। यह गाना हर पीढ़ी के लोगों के लिए है, जिसे वे गा सकते हैं, गुनगुना सकते हैं और इस पर डांस भी कर सकते हैं।

यह गाना शुक्रवार को स्पॉटलैंपई.कॉम पर लॉन्च हो चुका है। 12 अगस्त के बाद यह गाना 9एक्स नेटवर्क के सभी चैनलों पर उपलब्ध रहेगा।

# आयुष शर्मा के ऑपोजिट डेब्यू करेंगी कटरीना की बहन इसाबेल कैफ

पिछले साल बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा ने फिल्म लवयात्री से फिल्मों में ऐक्टिंग डेब्यू किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर सकी थी। अब आयुष अपनी अगली फिल्म चाथा की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म से बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ की छोटी बहन इसाबेल कैफ बॉलिवुड में डेब्यू करेंगी।

करण ललित भूटानी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म इंडियन आर्मी की कुछ बहादुरी की घटनाओं पर आधारित होगी। आयुष शर्मा फिल्म में एक आर्मी ऑफिसर के किरदार में दिखेंगे और इसके लिए पिछले काफी समय से वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

दूसरी तरफ इसाबेल अपने बॉलिवुड डेब्यू से पहले पिछले 4 सालों से न्यू यॉर्क के एक फिल्म इंस्टिट्यूट में ऐक्टिंग की ट्रेनिंग ले रही हैं। हालांकि अभी तक चाथा में इसाबेल के किरदार के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस खबर को कन्फर्म करते हुए फिल्म के डायरेक्टर ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चाथा में आयुष शर्मा और इसाबेल कैफ लीड रोल में होंगे। चाथा, भारत और म्यांमार के बॉर्डर का एक गांव है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है और इस फिल्म के लिए आयुष और इसाबेल पर्फेक्ट हैं।

